आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 27.08.2025

मुख्य समाचारः—

1— बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ—नदी—नालों का जलस्तर बढ़ने से सड़क संपर्क बाधित।

2— मुख्यमंत्री ने सियोल में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में दक्षिण कोरिया की कंपनियों को छत्तीसगढ़ में उपलब्ध संभावनाओं से अवगत कराया।

3— छत्तीसगढ़ की सीमा पर महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने चार माओवादियों को मार गिराया—राज्य के बीजापुर जिले में तीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4— छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

बारिश

प्रदेश के बस्तर संभाग में पिछले दो दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है, जिसका असर आम जनजीवन पर भी पड़ा है। बारिश के कारण इंद्रावती सहित कई नदी—नालों का जलस्तर बढ़ गया है। इसके कारण बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा का जिला मुख्यालयों से सड़क संपर्क बाधित हुआ है।

बस्तर जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सात स्थानों पर राहत शिविर खोले गए हैं, जहां पीड़ितों को पहुंचाया गया है। राज्य आपदा मोचन बल के जवानों ने पैंसठ लोगों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित निकाला। वहीं, कुछ ग्रामीण छतों पर फंस गए थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी थे। स्थिति गंभीर होने पर जिला प्रशासन ने वायुसेना से तत्काल मदद मांगी। इसके बाद वायुसेना के गरूड़ कमांडों ने बाढ़ में फंसे छह ग्रामीणों को सुरक्षित निकाला।

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक—तीस पर कुटुमसर से दरभा जाने वाले मार्ग में नाला पार करते समय कार सवार एक ही परिवार के चार लोग नाले के तेज बहाव में बह गए। हमारे बस्तर संवाददाता ने बताया कि नाले में बहे सभी लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

सुकमा जिले से हमारे संवाददाता ने बताया कि बीते छत्तीस घंटों से हो रही बारिश के कारण सुकमा और दोरनापाल के बीच कई जगहों पर पानी भर गया है।

माओवादी मुठभेड़

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली सीमा पर आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन महिला सहित चार माओवादी मारे गए है। सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। गढ़चिरौली के डीआईजी अंकित गोयल ने बताया कि सी—सिक्सटी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल—सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से सुरक्षा बलों ने एक एसएलआर, दो इंसास और एक थ्री नॉट थ्री राइफल बरामद की है।

माओवादी आत्मसमर्पण

बीजापुर जिले में आज तीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि इनमें से बीस माओवादियों पर कुल इकयासी लाख रूपये का इनाम घोषित था।

इन सभी माओवादियों पर विभिन्न घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई।

कैबिनेट–पीएम स्वनिधि

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि – पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल ने ऋण अवधि को इकतीस दिसंबर दो हजार चौबीस से इकतीस मार्च दो हजार तीस तक के लिए बढ़ा दी है।

गौरतलब है कि सरकार ने कोविड–नाइंटीन महामारी के दौरान कठिनाइयों का सामना करने वाले रेहड़ी–पटरी वालों की सहायता के लिए एक जून दो हजार बीस को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की थी।

मुख्यमंत्री–दक्षिण कोरिया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जापान के बाद अब दक्षिण कोरिया पहुंच गए हैं। आज सियोल में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दक्षिण कोरिया की कंपनियों को छत्तीसगढ़ में उपलब्ध संभावनाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़, भारत के अग्रणी स्टील उत्पादक राज्यों में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित उद्योगों के लिए आवश्यक खनिजों का समृद्ध भंडार है।

नगर पालिका/सूरत भ्रमण

राज्य की सभी पचपन नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल सूरत के तीन दिवसीय अध्ययन भ्रमण पर जाएंगे। पहला बैच कल अट्ठाईस अगस्त को रवाना होगा, जो तीस अगस्त तक सूरत में साफ–सफाई की व्यवस्था का अध्ययन करेगा। इस बैच में अट्ठाईस नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल होंगे। अपने प्रवास के दौरान वे वहां के नगर निगम की सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण और अपशिष्ट प्रबंधन के साथ ही शहर को साफ–सुथरा रखने के लिए अपनाए गए नवाचारों का अध्ययन भी करेंगे।

गणेश चतुर्थी

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आज गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बुद्धि, विवेक और सौभाग्य–समृद्धि के प्रतीक गणपति जी का दस दिन का उत्सव आज से शुरु होकर चतुर्दशी पर संपन्न होगा। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में भगवान गणेश की मूर्तियां विराजित की जा रही हैं। जगह–जगह ढोल–नगाड़ों और "गणपति बप्पा मोरिया" के जयकारों के साथ गणेश प्रतिमाओं को सार्वजनिक पंडालों और घरों में स्थापित किया जा रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर देश सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

चक्रधर–समारोह

रायगढ़ के रामलीला मैदान में अब से कुछ देर बाद चक्रधर समारोह का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। दस दिनों तक चलने वाले इस समारोह में देश–प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। समारोह के पहले दिन केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू भी शामिल होंगे।

चक्रधर समारोह के शुभारंभ अवसर पर स्वर्गीय वेदमणि सिंह ठाकुर के शिष्यों द्वारा गणेश वंदना की जाएगी। इसके बाद दिल्ली के पंडित राजेन्द्र गंगानी कथक नृत्य प्रस्तुत करेंगे और सुप्रसिद्ध कवि डॉक्टर कुमार विश्वास काव्य पाठ करेंगे।

राज्य पुलिस–आईपीएस पदोन्नत

राज्य पुलिस सेवा के सात अधिकारियों को भारतीय पुलिस सेवा–आईपीएस में पदोन्नत किया गया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिन अधिकारियों को आईपीएस बनाया गया है, उसमें पंकज चंद्रा, भावना पांडेय, विमल कुमार बैस, हरीश राठौर, वेदव्रत सिरमौर, राजश्री मिश्रा और श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा शामिल हैं।

रायपुर स्टेशन–एमयूटीएस मशीन

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेलमंडल में मोबाइल यू.टी.एस. मशीन की सुविधा शुरू की गई है। रायपुर रेलमंडल के मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने इस सेवा का शुभारंभ स्वयं टिकट काटकर किया।

इस मौके पर रायपुर रेलमंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने कहा कि मोबाइल यू.टी.एस. मशीन की सुविधा शुरू होने से रेलवे स्टेशन में टिकट के लिए लगने वाली भीड़ में कमी आएगी।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी और ओडिशा तट पर स्थित है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि इसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

– प्रदेश की सभी शराब दुकानों में जल्द ही कैशलेश व्यवस्था लागू की जाएगी। आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि शराब दुकानों में ऑनलाइन भुगतान को प्रोत्साहित किया जाए।

– जांजगीर–चांपा पुलिस ने सक्ती जिले से साइबर ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर एक करोड़ बासठ लाख रुपए की मनी म्यूल धोखाधड़ी करने का आरोप है।

– रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत भिलाई के सिरसा अंडरब्रिज में मरम्मत कार्य के चलते कल अट्ठाईस अगस्त को सुबह आठ बजे से इकतीस अगस्त की शाम छह बजे तक इस मार्ग पर आवागमन बंद रहेगा।

– मोहला–मानपुर जिले के अंबागढ़ चौकी जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष और भाजपा नेता शंकर तिवारी को पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध बागी प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने के कारण भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया गया है।

– रायगढ़ पुलिस ने एक महिला के घर से करीब छह लाख रूपये कीमत का चौंसठ किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

– अंबिकापुर की कोरजा ग्राम पंचायत में ईंट भट्टे में पानी से भरे गड्ढे में गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>